ट्रांसपोर्ट कारोबार पर संकट, आर्थिक तंगी झेल रहे परिवहनकर्ता

कैट और सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की संयुक्त बैठक , स्थानीय व्यापार बचाने की मांग, बाहरी कंपनियों के दबाव को बताया वजह

नवभारत न्यूज

सतना,17 मई, कभी औद्योगिक गतिविधियों और माल परिवहन के लिए पहचान रखने वाला सतना अब स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के लिए संकट का केंद्र बनता जा रहा है. शहर के परिवहन व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराने लगा है.

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि पहले जहां स्थानीय वाहन मालिकों को नियमित रूप से काम मिल जाता था, वहीं अब हालात ऐसे बन चुके हैं कि वाहन कई दिनों तक खड़े रहते हैं और किस्त, टैक्स तथा डीजल का खर्च निकालना तक मुश्किल हो रहा है.

स्थानीय परिवहनकर्ताओं का आरोप है कि बाहरी कंपनियों और बाहरी ट्रांसपोर्ट नेटवर्क का दखल

लगातार बढ़ता जा रहा है. जिले की औद्योगिक इकाइयों और सीमेंट कंपनियों से निकलने वाले परिवहन कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी कम होती जा रही है, जिससे शहर का ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित हो रहा है. व्यापारियों का कहना है कि इसका सीधा असर ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है. ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों ने यह भी कहा कि लगातार बढ़ती डीजल कीमतें, महंगाई, टैक्स व्यवस्था और शहर की अव्यवस्थित नो-एंट्री व्यवस्था ने स्थिति को और खराब कर दिया है. कई बार वाहनों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान दोनों बढ़ रहे हैं.

इन मुद्दों को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सतना इकाई और सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की संयुक्त बैठक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक में व्यापार और परिवहन क्षेत्र की बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई. बैठक में सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि यदि समय रहते स्थानीय व्यापारियों और परिवहनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में शहर का स्थानीय ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह कमजोर हो सकता है. वहीं महामंत्री अभिषेक जैन ने जीएसटी व्यवस्था और बढ़ते आर्थिक बोझ को भी परिवहन कारोबार के संकट का बड़ा कारण बताया.

बैठक में स्थानीय परिवहनकर्ताओं को माल ढुलाई में प्राथमिकता देने, ट्रांसपोर्ट भाड़े में वृद्धि करने और शहर की ट्रैफिक एवं नो-एंट्री व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई. व्यापारियों ने शासन और प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर स्थानीय व्यापार एवं परिवहन क्षेत्र को राहत देने की मांग की है.

बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में कैट प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी, सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री अभिषेक जैन, मनोहर वाधवानी, संदीप मंगल, जितेंद्र साबनानी, महेंद्र जैन, दीपक वाधवानी, रोहित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और परिवहनकर्ता मौजूद रहे .

बाइक में मिली 55 ली शराब

देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 17 मई. प्लास्टिक के दो गैलन को मोटरसाइकिल पर पीछे की ओर बांधकर जा रहे व्यक्ति को जब पुलिस ने रोका और जांच की तो गैलन ममें 55 लीटर अवैध शराब भरी पाई गई. जिसे देखते हुए पुलिस ने आरोपी को बाइक समेत दबोच लिया.

नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौहारी गांव के निकट घेराबंदी कर दी. इसी दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति जाता नजर आया. जिसकी बाइक पर पीछे की ओर दो गैलन बंधे हुए थे. बाइक सवार को रोकर जब पूछताछ की गई तो उसकी पहचान सुरेंद्र बागरी 32 वर्ष निवासी पथरौंधा के तौर पर हुई.

इसी कड़ी में जब बाइक पर बंधे नीले रंग के दोनों गैलन को खोलकर देखा गया तो उसमें देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब भरी पाई गई. दोनों गैलन में कुल 55 लीटर शराब मिली जिसकी कीमत 11 हजार रु आंकी गई. जिसे देखते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

बाइपास के लिए सड़क खोदकर भूल गए जिम्मेदार

सालभर से अधिक समय बीता, लेकिन 20 प्रतिशत भी नहीं हुई प्रगति

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई, विकास कार्यों की रफ्तार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बड़े-बड़े दावों और भूमिपूजन के साथ शुरू होने वाले निर्माण कार्य अब जनता के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा इन दिनों सतना-मैहर 8.5 किलोमीटर फोरलेन बाईपास प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है।

लगभग 59.5 करोड़ रुपये की लागत वाला यह प्रोजेक्ट अब विकास से ज्यादा अव्यवस्था और लापरवाही की पहचान बन चुका है। सड? खोद दी गई है, लेकिन निर्माण की रफ्तार इतनी धीमी है कि एक साल बीतने के बाद भी 20 प्रतिशत काम पूरा नहीं हो सका। कारगिल ढाबे से आगे तक बनने वाले इस फोरलेन की जिम्मेदारी भैयालाल शुक्ला कंस्ट्रक्शन को दी गई थी, जबकि काम पेटी कॉन्ट्रैक्टर शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी की कार्यशैली शुरू से ही सवालों के घेरे में रही है और जिस प्रोजेक्ट को यह कंपनी संभालती है, वहां देरी और अव्यवस्था आम बात बन जाती है। सड? के दोनों ओर आधा दर्जन से अधिक बस्तियां लगी हुई है। जिसमें रामटेकरी, उतैली, पीएम आवास, टिकुरिया टोला का बड़ा हिस्सा, डिलौरा शामिल हैं।

जून 2027 है समय सीमा

प्रोजेक्ट की तय समय सीमा जून 2027 बताई जा रही है, लेकिन मौजूदा हालत देखकर लोगों को भरोसा नहीं कि काम समय पर पूरा हो पाएगा। अगर एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद 20 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ, तो बाकी 80 प्रतिशत निर्माण दो वर्षों में कैसे होगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

धूल का गुबार, राहगीर परेशान

हालात इतने खराब हैं कि सडक खोदकर छोड़ दिए जाने से पूरे इलाके में धूल का गुबार उड़ रहा है। दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और आसपास रहने वाले लोग सांस संबंधी बीमारियों की शिकायत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड? निर्माण की बजाय उन्हें रोज धूल और जाम का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन आईएसबीटी संचालन को लेकर बस ऑपरेटरों पर दबाव बना रहा है, लेकिन वहां तक पहुंचने वाली सडक ही अधूरी पड़ी है।

फंदे पर लटका मिला सुरक्षा गार्ड का शव, हत्या की आशंका

परिजनों ने किया हंगामा, मुआवजे पर बनी सहमति

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई, मैहर जिले के देवी जी क्षेत्र में शनिवार शाम एल एंड टी कंपनी के गार्ड रूम में एक गार्ड का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

मृतक की पहचान जतिन कुशवाहा (20) पिता तुलसीदास कुशवाहा, निवासी ग्राम बरही ओइला, मैहर के रूप में हुई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जतिन कुशवाहा फिल्टर प्लांट में गार्ड के पद पर कार्यरत था। शनिवार शाम करीब 7 बजे गार्ड रूम के अंदर उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया और हत्या की आशंका जताई। आरोप लगाया कि जतिन की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और वे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से भी मना कर दिया, जिससे अस्पताल और थाने परिसर में देर रात तक तनाव की स्थिति बनी रही।

मांगा 50 लाख का मुआवजा

परिजनों ने कंपनी प्रबंधन से 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी अस्पताल और थाने पहुंच गए थे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

तीन घंटे चला प्रदर्शन

करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच 6 लाख में सहमति बनी। कंपनी प्रबंधन की ओर से दाह संस्कार के लिए 10 हजार की राशि नगद दी गई , जिसके बाद मामला शांत हुआ। सीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

डाक विभाग में डायरेक्ट एजेंट की भर्ती

सतना 17 मई, भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत संचालित इंडिया पोस्ट की प्रतिष्ठित बीमा योजनाओं पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (पीएलआई) एवं रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (आरपीएलआई) के व्यवसाय विस्तार के लिए डाक संभाग सतना में प्रत्यक्ष अभिकर्ता (डायरेक्ट एजेंट) की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जरियारी के पास हाइवे किनारे खोल ली अवैध शराब की दुकान

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई, मैहर जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरियारी के पास चल रही एक अवैध शराब दुकान पर संयुक्त टीम ने छापा मारा, जहां से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। सतना और मैहर की आबकारी टीम ने रविवार को यह कार्रवाई की।

छापेमारी में टीम को जरियारी इलाके से 72 लीटर बीयर और अंग्रेजी शराब मिली। जांच में पता चला कि नेशनल हाईवे के किनारे टीनशेड डालकर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाई जा रही थी। विभाग अब इस जमीन और अवैध निर्माण की भी जांच करवा रहा है। मौके से चार आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों में रंजीत साकेत (22), अमन पटेल (22), नवीन सेन (29) और राजेश पटेल (41) शामिल हैं। ये सभी नादन क्षेत्र के रहने वाले हैं। इन सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।

बस स्टैंड में भी दबिश

जरियारी के अलावा आबकारी विभाग ने अमरपाटन बस स्टैंड क्षेत्र में भी तीन जगहों पर दबिश दी। यहां से करीब 20 लीटर देशी शराब बरामद हुई है और आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए। आबकारी विभाग का कहना है कि वे इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रहे हैं और आने वाले दिनों में कुछ और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

सुबह बारिश की फौरी राहत, दोपहर बाद चढ़ा पारा, तापमान बढ़ने की संभावना

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई. मध्यम गति की हवाओं के साथ हल्की बारिश ने रविवार की सुबह को खासा सुहाना और राहत भर बना दिया. लेकिन लोगों को मिली यह राहत अधिक देर तक नहीं टिक सकी और दोपहर बाद चिलचिलाती धूप के साथ तापमान में बढ़ोत्तरी ने तेवर दिखाने शुरु कर दिए.

इसी कड़ी में मौसम विभाग द्वारा भी अगले कुछ दिनों तक तापमान बढ़ने और हीट वेव चलने की चेतावनी भी दी जा रही है. मौसम

कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह शहर में 1.6 मिमी बारिश दर्ज की गई. सुबह जैसे ही धूप निकलने का समय हुआ वैसे ही घने बादलों ने डेरा जमा लिया और देखते ही देखते बारिश शुरु हो गई. हलांकि बारिश का यह दौर रुक रुक कर तकरीबन 20 मिनट तक ही जारी रहा. लेकिन उसके बाद 31 मिकी प्रति घंटके की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने मौसम को काफी हद तक राहत भरा बना दिया. लेकिन चंद घंटे बाद ही बादल छिटकने लगे और चिचिलाती धूप ने डेरा जमाना शुरु कर दिया.

जिसका नतीजा यह हुआ कि दिन का तापमान तेजी से बढ़ने लगा. रविवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. हलांकि अधिकतम तापमान में न सिर्फ पिछले दिन की तुलना ममें 0.3 डिग्री की कमी दर्ज की गई बल्कि यह सामान्य की तुलना में 0.5 डिग्री कम आंका गया. यही हाल न्यूनतम तापमान का भी रहा. 27 डिग्री दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान में जहां 24 घंटे में 0.8 डिग्री की कमी देखने को मिली पहीं यह सामान्य की तुलना में 0.3 डिग्री कम आंका गया. हलांकि सुबह बारिश होने के कारण हवा ममें नमी की मात्रा में इजाफा हुआ. लेकिन चिलचिलाती धूप और तापमान बढ़ने के कारण शाम होते होते इसमें कमी आने लगी.

प्री मानसून से पहले गर्मी

मौसम विभाग द्वारा संभावना जताई गई कि दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी का सिलसिला सोमवार से ही शुरु हो जाएगा, जो कि अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी . तापमान बढ़ने के कारण गर्म हवाओं का असर भी शुरु होने की संभावना है . हलांकि इस बार प्री मानसून गतिविधि के थोड़ा पहले ही शुरु होने की संभावन जताई जा रही है . लेकिन उससे पहले भीषण गर्मी का दौर जारी रह सकता है .

एक नजर में

हर्ष तिवारी को अधिवक्ता परिषद में नया दायित्व मिला

सतना। अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत की बैठक खजुराहो में आयोजित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के क्षेत्र टोली के प्रमुख (नवीन दायित्व) हर्ष तिवारी द्वारा कार्यक्रम बैठक का संचालन उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला महामंत्री आलोक कुमार अग्निहोत्री, अखिलेश अवधिया एजीपी तथा मैहर से जिला अध्यक्ष राजेश गौतम, महामंत्री मुकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

लायन सुधीर जैन अंतरराष्ट्रीय एक्सटेंशन अवार्ड से सम्मानित

सतना। लायंस क्लब सतना के वरिष्ठ सदस्य तथा मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के निवृतमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन को लायंस इंटरनेशनल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक्सटेंशन अवार्ड से सम्मानित किया है। लायन सुधीर जैन द्वारा खोले गए तीन नए लायंस क्लबों के गठन में एक्सटेंशन चेयरपर्सन होने के उनके योगदान के कारण उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय एवार्ड हेतु चुना गया। विगत दिवस कोरबा में आयोजित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के डेढ़ सौ लायंस क्लबों की डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जितेंद्र चौहान जी ने यह एक्सटेंशन अवार्ड लायन सुधीर जैन को सम्मानपूर्वक प्रदान किया।

शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

सतना। एकेएस यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर कुमार जैन, सहायक प्राध्यापक प्रशांत कुमार एवं एलएल.एम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दीपमाला परमार के सामूहिक प्रयास से अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लॉ मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज' के खंड 9, अंक 2, वर्ष 2026 में धार्मिक अल्पसंख्यकों की चिंताओं तथा समान नागरिक संहिता - सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकीकरण का विश्लेषण विषयक शोध पत्र प्रकाशित हुआ है।

सरकार के साथ- साथ जनता को भी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी : ज्ञानेन्द्र

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई, प्रदेश सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। इन सबका जनता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ भी पा रही है। लेकिन जनता का भी कर्तव्य बनता है कि सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेते समय उनकी जरूरत व सुरक्षा की ईमानदारी से जिम्मेदारी के साथ लाभ ले।

उक्त बातें जिला पंचायता सतना में वार्ड क्रं. 8 से सदस्य व संचार संकर्म स्थाई समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह %ज्ञानू% ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत पोडी गरादा में स्वच्छता व जलसंर्वधन कार्यक्रम अभियान के शुभारम्भ अवसर पर कहीं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए ज्ञानेन्द्र सिंह %ज्ञानू% ने कहा की सरकार गांव के लोगों को आज वह सब सुविधा दे रही है, जो शहर में रहने वाले लोगों को मिलती है। लेकिन गांव व शहर की जीवन शैली में अन्तर होने के कारण ग्रामीण सुविधाओं को सुरक्षित रख पाना कठिन हो रहा है। गांव में मौजूद सुविधाओं को अनवरत रूप से जन उपयोगी बनाये रखने के लिए जनभागीदारी और श्रमदान एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि जनभागीदारी व श्रमदान क्यों आवश्यक है, इसी की जागरुकता को ध्यान में रखकर पो?ी गरादा से ग्रामीण स्वच्छता व जलसंवर्धन कार्यक्रम अभियान की 35 दिवसीय शुरुआत की जा रही है। 35 दिनों तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से लेकर 9 बजे तक अलग-अलग 34 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जायेगा।

नेतृत्व विकास कार्यशाला में शामिल हुए सतना के पदाधिकारी

नवभारत न्यूज

सतना 17 मई, भारतीय मज़दूर संघ, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में नेतृत्व विकास कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग विगत दिवस बरगवां (सिंगरौली) में संपन्न हुआ ।

भारतीय मज़दूर संघ के कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बरगवां सिंगरौली की पावन धरा पर 16-17 मई 2026 को दो दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यशाला (अभ्यास वर्ग) संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण अभ्यास वर्ग में रीवा और शहडोल संभाग के सभी सम्मानित जिला मंत्री, जिला अध्यक्ष और

कोषाध्यक्षों ने सहभागिता की। कार्यशाला में संजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष, बीएमएस कुलदीप सिंह गुर्जर प्रदेश महामंत्री बीएमएस आशीष सिंह संयुक्त महामंत्री, यज्ञ नारायण सिंह (अभ्यास वर्ग प्रकोष्ठ प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य) दिनेश शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष सतना का मार्ग दर्शन मिला। सतना से मगनलाल बाल्मीकि विभाग प्रमुख ,योगेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष, सतना, शरद तिवारी जिला मंत्री, सतना ,मिथलेश सिंह प्रदेश महामंत्री, सीमेंट ,प्रकाश तिवारी अध्यक्ष - सतना सीमेंट फाउंडरी एवं माइंस श्रमिक संघ शामिल हुए।

संजीवनी महोत्सव का शुभारंभ

सतना 17 मई, भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में संत मोतीराम आश्रम में महंत स्वामी ?म्यादास जी के सानिध्य में संजीवनी महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। आश्रम के भाई प्रह्लाद एवं पप्पू सुखवानी ने जानकारी देते हुए बताया कलश यात्रा आश्रम परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: आश्रम पहुंची।

बस स्टैंड में ऑटो चालकों की मनमानी से जाम की स्थिति

नवभारत न्यूज

सतना , 17 मई , शहर का पुराना बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्थित ट्रैफिक और ऑटो चालकों की मनमानी के कारण जाम का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है.

आए दिन बस स्टैंड परिसर में चारों तरफ ऑटो और ई-रिक्शा बेतरतीब तरीके से खड़े हो जाते हैं, जिसके चलते बसों की आवाजाही पर प्रभाव पड़ता है इसके साथ ही यात्रियों के लिए समस्या उत्पन्न होती है कई बार हालत ऐसे बन

जाते है कि बसों को अंदर आने और बाहर निकलने तक के लिए रास्ता नहीं मिल पाता . आमतौर पर सुबह ओर शाम के वक्त स्थिति ज्यादा बिगड़ती हुई नजर आती है इस वक्त बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों की भीड़ और ऑटो चालकों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण पूरा परिसर जाम में तब्दील हो जाता है. हालात इतने बुरे हैं कि परिसर से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है बसों के आसपास सवारियों को बैठाने की होड़ में ऑटो चालक अक्सर नियमों की अनदेखी करते नजर आते हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि बस स्टैंड में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है शाम के समय यहां रोजाना यही स्थिति बनी रहती है . गौरतलब है कि पुराना बस स्टैंड शहर के प्रमुख यातायात केंद्रों में से एक है और यहां के बिगड़ते हालात अब ट्रैफिक प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रहे हैं .